25/06/2024

आकाशवाणी ईटानगर

उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आज संसद भवन में नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य सुनीता अजित पवार को शपथ दिलाई।

0000000000000000000

18वीं लोकसभा के दूसरे दिन की शुरुआत आज नवनिर्वाचित सांसदों के सदन के सदस्य के रूप में शपथ लेने के साथ हुई। कल कुल दो सौ छाछठ सांसदों ने शपथ ली थी और शेष सांसद आज शपथ लेंगे। वरिष्ठ भाजपा सांसद ओम बिरला लोकसभा अध्यक्ष के लिए एनडीए के उम्मीदवार होंगे, जबकि विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक ने इस पद के लिए कांग्रेस सांसद के. सुरेश को मैदान में उतारा है। दोनों उम्मीदवारों ने आज अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया, जिसके लिए कल चुनाव होना है। इससे पहले, सरकार और विपक्ष इस पद के लिए आम सहमति बनाने में विफल रहे। आजादी के बाद से लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव बिना किसी मुकाबले के होता रहा है और यह संभवत: पहली बार है जब इस पद के लिए मुकाबला होगा।

0000000000000000

केन्द्रीय जांच ब्यूरो-सी बी आई ने बिहार, गुजरात और राजस्थान में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-नीट यू.जी. में कथित अनियमितताओं के पांच मामलों की जांच शुरू कर दी है। सी बी आई ने गुजरात और बिहार में नए सिरे से एक-एक मामला दर्ज किया है। वहीं राजस्थान में भी तीन मामले दर्ज किए गए हैं। सी.बी.आई. महाराष्ट्र के लातूर का एक अन्य मामला भी अपने हाथों में ले सकती है।

अधिकारियों ने यह भी कहा कि बिहार पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर कथित पेपर लीक से संबंधित थी, जबकि अन्य चार मामले उम्मीदवारों, स्थानीय अधिकारियों और निरीक्षकों की संलिप्तता वाले प्रतिरूपण और धोखाधड़ी जैसे कथित कदाचार से संबंधित थे। नीट-यूजी के नतीजे इस महीने की 4 तारीख को घोषित किए गए थे, जिसमें सड़सठ उम्मीदवारों ने अधिकतम सात सौ बीस अंक प्राप्त करके परीक्षा में टॉप किया था, जिससे परीक्षा की शुचिता पर भारी हंगामा हुआ था।

0000000000000000000000

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से परीक्षाओं का पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा गठित विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय समिति की पहली बैठक कल हुई। नई दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए समिति के अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन ने कहा कि समिति की प्राथमिकता छात्रों और अभिभावकों से उनकी चिंताओं और सुझावों को जानना है, जिसके लिए समिति उनसे बातचीत करेगी। डॉ. राधाकृष्णन ने कहा कि समिति एक मजबूत और छेड़छाड़-रहित प्रणाली विकसित करने पर भी विचार कर रही है, जिसका उद्देश्य छात्रों की कठिनाइयों और तनाव को कम करना है।

000000000000000

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने देश के कुछ और हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियों का अनुमान जताया है। इस महीने की उनतीस तारीख तक उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम, असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

अरुणाचल प्रदेश में, आईएमडी ने दो जिलों में रेड अलर्ट, 12 में ऑरेंज और बाकी जिलों में येलो अलर्ट घोषित किया है। जिन दो जिलों में रेड अलर्ट घोषित किया गया है, वे लेपारादा और वेस्ट सियांग जिले है।

0000000000000

रविवार को आई भीषण बाढ़ से ईटानगर और आसपास के क्षेत्रों को भारी नुकसान पहुंचा है। कैपिटल कॉम्प्लेक्स जिला प्रशासन के सहयोग से यूथ मिशन फॉर क्लीन रिवर द्वारा सोमवार को एक सफाई अभियान का आयोजन किया गया, सफाई अभियान के दौरान यागामसो नदी के एनर्जी पार्क से 9,000 किलोग्राम से अधिक पुराने कचरे को हटाया गया।

00000000000000000000

सिले-ओयान पुलिस, पासीघाट द्वारा एनडीपीएस अधिनियम के तहत दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया और कुल नब्बे दशमलब चार (90.4) ग्राम संदिग्ध हेरोइन जब्त की गईं। गिरफ्तार लोगों की पहचान ओयान गांव के ओलक पंगेंग और सिलापाथर, असम के यापी तागी उर्फ आपी हजारिका के रूप में हुई है, ईस्ट सियांग के एसपी सचिन कुमार सिंघल ने बताया कि 20 जून को विश्वसनीय स्रोतों से सूचना मिली थी कि ओयान गांव के ओलक पंगेंग के पुत्र पंगेंग के पास कुछ प्रतिबंधित पदार्थ है। एएसपी पंकज कुमार लांबा के मार्गदर्शन और एसपी ईस्ट सियांग की समग्र निगरानी में टीम का गठन एसआई यिके लोमरी, एएसआई आर. नारोह और अन्य के नेतृत्व में किया गया था।

0000000000000000

कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), ईस्ट कामेंग ने सोमवार को कोटो गांव में अंतरफसल और रेशे के निष्कर्षण के महत्व पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। बागवानी विशेषज्ञ ने अंतरफसल के महत्व और लक्ष्य तथा संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए उत्तम जोड़ी सही साथी फसलों को चुनने के तरीकों के बारे में बताया। केवीके सामुदायिक विज्ञान विशेषज्ञ ने प्रतिभागियों को केले के रेशे के निष्कर्षण में शामिल होने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस किया। कार्यक्रम में कुल तीस किसान शामिल हुए।

0000000000000000000000